Rapid Fire 18 December

- 27 संशोधनों के साथ लोकसभा ने पारित किया ट्रांसजेंडर विधेयक; संसद की स्थायी समिति ने इस पर विचार कर दिये थे 27 सुझाव; विधेयक में उभयलिंगी व्यक्ति को परिभाषित करने, उनके खिलाफ होने वाले भेदभाव को रोकने, उन्हें स्वत: अनुभव की जाने वाली लिंग पहचान का अधिकार देने, पहचान प्रमाणपत्र प्रदान करने के साथ नियोजन, भर्ती, पदोन्नति और अन्य संबंधित मुद्दों पर उनके साथ विभेद नहीं करने का किया गया है प्रावधान; विधेयक में शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने तथा राष्ट्रीय उभयलिंगी परिषद स्थापित करने का भी है प्रावधान
- मालदीव के नए राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलेह अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत आए; भारत ने 1.4 बिलियन डॉलर के आर्थिक सहायता देने की घोषणा की; हिंद महासागर में सुरक्षा सहयोग को और मज़बूत करने पर भी दोनों पक्षों ने सहमति जिताई; वीज़ा सुविधा सहित चार समझौतों पर दोनों देशों ने हस्ताक्षर किये; मालदीव जारी रखेगा 'इंडिया फर्स्ट' की नीति
- 1971 के मुक्ति संग्राम में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की स्मृति में बांग्लादेश बनाएगा वॉर मेमोरियल; चटगाँव के Bhramanbaria में बनाया जाने वाला यह वॉर मेमोरियल पूरी तरह भारतीय सैनिकों को समर्पित होगा; 47वें विजय दिवस के उपलक्ष्य में कोलकाता के फोर्ट विलियम स्थित थल सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश की ओर से 12 शहीद भारतीय सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया
- भारत और फ्रांस ने मिलकर आतंकवाद का मुकाबला करने की प्रतिबद्धता दोहराई; फ्रांस के विदेश मंत्री जेआन-यवेस ले ड्रिआन की भारत यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के जैतापुर में यूरोपियन प्रेशराइज्ड रिएक्टर परियोजना की स्थिति की हुई समीक्षा; इस पावर प्लांट के निर्माण हेतु प्रभावी अंतिम फैसला लेने के लिये हुई चर्चा; हिंद-प्रशांत क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी हुआ विचार
- भारतीय वायुसेना के प्रमुख परीक्षण स्थल ASTE, बंगलुरु में पायलटों और इंजीनियरों ने AN-32 सैनिक परिवहन विमान में पहली बार मिश्रित बायो जेट ईंधन का इस्तेमाल करते हुए सफल प्रायोगिक उड़ान भरी; इससे पहले भारतीय वायुसेना ने ज़मीन पर बड़े पैमाने पर इंजन का परीक्षण किया और इसके बाद 10 प्रतिशत मिश्रित एटीएफ का इस्तेमाल करते हुए विमान का परीक्षण किया गया; इस ईंधन को छत्तीसगढ़ जैव डीज़ल विकास प्राधिकरण से प्राप्त जट्रोफा ऑयल से बनाया गया है
- देश में 5G टेलीकॉम सेवाएँ 2020 तक शुरू होने की संभावना; अगले साल अगस्त तक पूरी हो सकती है 5G स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया; टेलीकॉम रेगुलेटर TRAI इसके लिये दे चुका है अपनी शुरुआती सिफारिशें; दूरसंचार विभाग की कार्यकारी समिति इन पर गौर कर रही है; कार्यदल ने निर्धारित कर दिये हैं स्पेक्ट्रम के बैंड
- बैंक खाते और मोबाइल नंबर के लिये अब जरूरी नहीं होगा आधार; आधार की अनिवार्यता समाप्त करने के लिये बैंकिंग एक्ट और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में संशोधन को सरकार ने दी मंज़ूरी; गौरतलब है सितंबर 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने आधार को संवैधानिक रूप से वैध करार देते हुए बैंक खाते और मोबाइल नंबर के लिये आधार की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया था
- जम्मू-कश्मीर में राज्य प्रशासनिक परिषद ने दी लद्दाख के लिये पहली क्लस्टर यूनिवर्सिटी को मंज़ूरी; लेह और कारगिल में पाँच डिग्री कॉलेजों के लिये बनाई जाएगी क्लस्टर यूनिवर्सिटी, अभी तक कश्मीर यूनिवर्सिटी से संबद्ध ये पाँचों कॉलेज जुड़ जाएंगे लद्दाख क्लस्टर यूनिवर्सिटी के साथ
- HSIL के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप सोमानी को उद्योग संगठन Federation of Indian Chambers of Commerce & Industry (FICCI) का नया अध्यक्ष चुना गया है; अभी तक वह FICCI के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट थे; वह रशेश शाह का स्थान लेंगे; स्टार इंडिया के चेयरमैन एवं सीईओ उदय शंकर को बनाया गया उपाध्यक्ष
- प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत तेलंगाना और तमिलनाडु में बनेंगे दो नए एम्स; तमिलनाडु में मदुराई और तेलंगाना में बीबी नगर में बनाए जाएंगे ये एम्स; 45 महीने के भीतर काम करना शुरू कर देंगे; इनकी स्थापना से क्षेत्र के लोगों को सुपर स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और डॉक्टरों तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का पूल बनाने का दोहरा उद्देश्य प्राप्त होगा
- बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य में आया चक्रवाती तूफान 'फेथाई' आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में हुआ इस चक्रवाती तूफान का असर; Real Time Governance Centre के अनुसार ज़मीन से टकराने के बाद कमज़ोर पड़ गया 'फेथाई'
- पुरातत्त्वविदों ने मिस्र के नेक्रोपोलिस के सक्कारा प्रांत में 4400 वर्ष पुराने एक मकबरे की खोज की है; नेफेरकिर ककाई के शासन के दौरान बने 'बाह्ते' नाम के इस मकबरे में बनी हैं कुछ प्रतिमाएँ; रंग-बिरंगी चित्रलिपियाँ हैं और दीवारों पर फैरो की प्रतिमाएँ बनी हैं
- ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत को 146 रनों से हरा दिया; भारत को चौथी पारी में 287 रन बनाने थे, लेकिन टीम इंडिया 140 रनों पर ही आल आउट हो गई; इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज़ में 1-1 की बराबरी कर ली; ऑस्ट्रेलियाई कप्तान के रूप में टिम पेन की यह पहली जीत है

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-18-december